DYMO®

# LabelWriter® 550
# LabelWriter® 550 Turbo
# LabelWriter® 5XL

## उपयोगकर्ता गाइड

newell
BRANDS

**कॉपीराइट**

© 2021 Newell Office Brands सर्वाधिकार सुरक्षित। संशो: 5/23

Newell Office Brands की अग्रिम लिखित सहमति के बिना इस दस्तावेज़ या सॉफ्टवेयर का कोई भी हिस्सा किसी भी रूप या किसी भी तरीके से पुनर्निर्माण या प्रसारण या किसी भी अन्य भाषा में अनुवाद करना प्रतिबंधित है।

**ट्रेडमार्क**

DYMO और LabelWriter यूएस और अन्य देशों में पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं। सभी अन्य ट्रेडमार्क उनके संबंधित धारकों की संपत्ति हैं।

# विषय सूची


**4 आपके नये लेबल प्रिंटर के बारे में**
4 आपके प्रोडक्ट को पंजीकृत करना

**4 लेबल प्रिंटर से परिचित होना**
6 पावर
7 लेबल फीड बटन
7 लेबल रिलीज़ लीवर
7 लेबल गाइड

**7 लेबलों के बारे में**

**8 लेबल डिज़ाइन और प्रिंट करना**
8 सिस्टम आवश्यकताएं

**9 शुरुआत करना**
9 चरण 1. सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करना
9 चरण 2. पावर कनेक्ट करना
9 चरण 3. लेबल लोड करना
11 चरण 4. प्रिंटर को आपके कम्प्यूटर से कनेक्ट करना
11 प्रिंटर को सीधे आपके कम्प्यूटर से कनेक्ट करना
11 प्रिंटर को लोकल एरिया नेटवर्क में कनेक्ट करना
12 स्टेटिक आईपी पता सेट करना

**13 आपके प्रिंटर की देखभाल करना**

**14 सुरक्षा संबंधी एहतियात**

**16 मदद पाना**
16 पावर स्थिति लाइट
16 प्रिंटर संबंधी समस्याएं
19 प्रिंटर सेल्फ-टेस्ट करना
19 कस्टमर सपोर्ट प्राप्त करना

**20 तकनीकी और पर्यावरण संबंधी जानकारी**
20 तकनीकी विनिर्देश
21 पर्यावरण संबंधी जानकारी
21 डिवाइस प्रमाणन

# आपके नये लेबल प्रिंटर के बारे में

DYMO LabelWriter® लेबल प्रिंटर खरीदने पर बधाई हो। आपका LabelWriter प्रिंटर आपको कई साल तक भरोसेमंद प्रिंटिंग उपलब्ध कराएगा। हम आपको अपने प्रिंटर का उपयोग और देखभाल करने के बारे में जानकारी पढ़ने के लिए कुछ पल निकालने के लिए प्रोत्साहन देते हैं।

यह उपयोगकर्ता गाइड निम्नलिखित LabelWriter मॉडलों के बारे में जानकारी प्रदान करती है:

- LabelWriter® 550
- LabelWriter® 550 Turbo
- LabelWriter® 5XL

अपने लेबल प्रिंटर के लिए लेबल और एक्सेसरीज़ प्राप्त करने के लिए **www.dymo.com** पर जाएं।

## आपके प्रोडक्ट को पंजीकृत करना

अपने लेबल प्रिंटर को पंजीकृत करने के लिए **www.dymo.com/register** पर जाएं। पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान आपको सीरियल नंबर की ज़रूरत होगी, जो लेबल प्रिंटर के नीचे स्थित है।

यह फायदे प्राप्त करने के लिए अपने लेबल प्रिंटर को पंजीकृत करें:

- निःशुल्क सॉफ्टवेयर अपग्रेड के बारे में ईमेल सूचना
- खास ऑफर और नये प्रोडक्ट्स की घोषणाएं




प्रिंटर के नीचे वाले हिस्से पर मौजूद सीरियल नंबर

# लेबल प्रिंटर से परिचित होना

आपका LabelWriter प्रिंटर एक डायरेक्ट थर्मल प्रिंटर है जो इंक या टोनर का उपयोग नहीं करता है। इसके बदले प्रिंटर एक थर्मल प्रिंट हेड से उष्मा का उपयोग कर के विशेष रूप से उपचारित, उष्मा-संवेदनशील लेबल प्रिंट करते हैं। आपको कभी भी एक ही चीज़ खरीदने की ज़रूरत होगी, लेबल।

निम्नलिखित तसवीरों में दिखाई गई विशेषताओं से परिचित हों।

## LabelWriter 550 और 550 Turbo




| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | कवर | **6** | USB स्थिति लाइट | **11** | लेबल गाइड |
| **2** | लेबल रोल | **7** | पावर (ऑन/ऑफ) प्रिंटर स्थिति लाइट | **12** | पावर पोर्ट |
| **3** | लेबल स्पूल | **8** | LAN स्थिति लाइट (LabelWriter 550 Turbo) | **13** | LAN पोर्ट (LabelWriter 550 Turbo) |
| **4** | लेबल रिलीज़ लीवर | **9** | लेबल फॉरवर्ड फीड | **14** | USB पोर्ट |
| **5** | लेबल रिवर्स फीड | **10** | लेबल एग्ज़िट स्लॉट और टेयर बार | | |

**LabelWriter 5XL**




| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | कवर | **6** | USB स्थिति लाइट | **11** | लेबल गाइड |
| **2** | लेबल रोल | **7** | पावर (ऑन/ऑफ) प्रिंटर स्थिति लाइट | **12** | पावर पोर्ट |
| **3** | लेबल स्पूल | **8** | LAN स्थिति लाइट | **13** | LAN पोर्ट |
| **4** | लेबल रिलीज़ लीवर | **9** | लेबल फॉरवर्ड फीड | **14** | USB पोर्ट |
| **5** | लेबल रिवर्स फीड | **10** | लेबल एग्ज़िट स्लॉट और टेयर बार | | |

## पावर

पावर बटन लेबल प्रिंटर का पावर ऑन और ऑफ करता है। पाँच मिनिट तक निष्क्रिय रहने के बाद, प्रिंटर पावर-सेविंग मोड में चला जाएगा और पावर स्थिति लाइट डिम हो जाएगी। लेबल प्रिंट करने के दौरान पावर बटन दबाने से प्रिंटिंग रद्द हो जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 16 पर **पावर स्थिति लाइट** देखें।

### लेबल फीड बटन

प्रिंटर के बाजू में स्थित लेबल फॉरवर्ड फीड बटन एक ही लेबल को आगे बढ़ाता है। लेबल रिवर्स फीड बटन लेबल एग्ज़िट स्लॉट में मौजूद लेबल को स्लॉट के बाहर पलट देता है और इसका उपयोग रोल बदलते समय प्रिंटर से लेबल निकालने के लिए किया जाता है। जो लेबल पहले ही लेबल एग्ज़िट स्लॉट से गुज़र चुके हैं, उन्हें पहले फाड़ना पड़ेगा।

### लेबल रिलीज़ लीवर

लेबल रिलीज़ लीवर लेबलों पर से प्रिंट हेड के दबाव को हटाता है ताकि लेबलों को लेबल एग्ज़िट स्लॉट से आसानी से निकाला जा सके।

### लेबल गाइड

लेबल गाइड पता लेबल और अन्य स्पेशियल्टी लेबल जैसे संकरे लेबलों के लिए महत्वपूर्ण है। लेबल गाइड लेबलों को लेबल स्लॉट की बाँयी धार से ठीक से संरेखित रखता है ताकि लेबल ठीक से फीड हों।

## लेबलों के बारे में

LabelWriter 550 प्रिंटर सीरीज़ केवल असली DYMO LW लेबलों के साथ काम करेगी। असली DYMO LW लेबल Automatic Label Recognition™ (ऑटोमेटिक लेबल रेकग्निशन) का समर्थन करते हैं, जो कि DYMO सॉफ्टवेयर को लेबलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने देता है, जैसे कि आपके प्रिंटर में किस आकार के लेबल हैं और रोल में कितने लेबल शेष हैं।।

DYMO LabelWriter प्रिंटर उन्नत *डायरेक्ट थर्मल* प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करके विशेष रूप से उपचारित, उष्मा-संवेदनशील लेबल प्रिंट करते हैं। इसका मतलब है लेबल प्रिंट करने के लिए आपको कभी भी टोनर, इंक कार्ट्रिज या रिबन बदलने नहीं पड़ेंगे।

DYMO की वारंटी ऐसी खराबी या क्षति को कवर नहीं करती है जो असली DYMO लेबलों के अलावा अन्य लेबलों के उपयोग से होती है। क्योंकि DYMO LabelWriter प्रिंटर डायरेक्ट थर्मल प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हैं, आपको विशेष रूप से डिज़ाइन और उत्पादन किए लेबलों का उपयोग करना होगा। असली DYMO ब्रांड के लेबलों को छोड़ कर अन्य लेबलों पर उपयोग की गई थर्मल कोटिंग संगत न हो ऐसा हो सकता है, और इससे असंतोषकारक प्रिंटिंग हो सकती है या प्रिंटर में खराबी हो सकती है।

आपके लेबल कब तक चलेंगे इसका आधार लेबल कैसे उपयोग किए जाते हैं, इस पर है। थर्मल पेपर लेबल, जैसे कि वह जो LabelWriter प्रिंटर पर से प्रिंट किए जाते हैं, दो तरह से धुँधले हो सकते हैं:

- सीधी धूप से संपर्क, लंबी अवधि तक फ्लोरोसेन्ट लाइट से संपर्क या फिर अत्यधिक धूप से लेबल धुँधला हो जाएगा।
- प्लास्टिसाइज़र से संपर्क (उदाहरण के लिए लेबल का प्लास्टिक रिंग बाइंडर पर रखा जाना) से लेबल धुँधला हो जाएगा।

मूल पैकेजिंग में, DYMO LW की शेल्फ लाइफ 18 महीने की है। जब लेबल का उपयोग कम अवधि के लिए किया जाना हो (लिफाफे, पैकेज आदि), तो धुंधला होने की समस्या नहीं होती है। जब लेबलों का उपयोग फाइल केबिनेट में फाइलों को लेबल करने के लिए किया जाए, तो धुंधलापन कई बरसों में धीरे-धीरे होता है। कीताब की धार पर लगा कर धूप में किसी शेल्फ पर रखा जाने पर लेबल कुछ ही महीनों में धुंधला पड़ने लगेगा।

लेबल उपयोग न किए जा रहे हों तब लेबल की उपयोगक्षमता बढ़ाने के लिए लेबल को एक ठंडी, सूखी जगह में उस काली बैग में भंडारित करें, जिस में वह पहले पैकेज किए गए थे।

### लेबल ऑर्डर करना

DYMO LabelWriter प्रिंटर के लिए लेबलों की पूर्ण श्रेणी प्रदान करता है, जिसमें लिफाफों, शिपिंग पैकेज, फाइल फोल्डर नाम, सभी तरह के मीडिया के लेबल, नाम वाले बैज और बहुत कुछ के लिए उपयुक्त लेबल होते हैं। पूरी सूची DYMO की वेबसाइट पर मिलेगी: www.dymo.com.

DYMO की वारंटी ऐसी खराबी या क्षति को कवर नहीं करती है जो असली DYMO लेबलों के अलावा अन्य लेबलों के उपयोग से होती है। क्योंकि DYMO LabelWriter प्रिंटर थर्मल प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हैं, आपको विशेष रूप से डिज़ाइन और उत्पादन किए लेबलों का उपयोग करना होगा। DYMO- ब्रांड के लेबलों को छोड़ कर अन्य लेबलों पर उपयोग की गई थर्मल कोटिंग संगत न हो ऐसा हो सकता है और इससे असंतोषकारक प्रिंटिंग हो सकती है या प्रिंटर में खराबी हो सकती है।

## लेबल डिज़ाइन और प्रिंट करना

आपके लेबल प्रिंटर डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect सॉफ्टवेयर के साथ काम कर के लेबल को डिज़ाइन और प्रिंट करना सरल बनाता है। आप DYMO Label एड-इन के साथ सीधे Microsoft Word से भी लेबल प्रिंट कर सकते हैं। अगर आपके कम्प्यूटर पर Microsoft Word इंस्टॉल किया हुआ हो तो जब आप डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect सॉफ्टवयेर इंस्टॉल करते हैं, तब यह एड-इन अपनेआप इंस्टॉल हो जाता है।

## सिस्टम आवश्यकताएं

LabelWriter label प्रिंटर के लिए निम्नलिखित में से किसी की ज़रूरत होती है:

- Windows® 8.1 या नया
- macOS® v10.14 Mojave या नया

# शुरुआत करना

अपने लेबल प्रिंटर को अपने कम्प्यूटर से प्रिंट करने के लिए सेट अप करने के लिए इस विभाग में दिए निर्देशों का अनुसरण करें। शुरुआत करने के लिए आपको यह करना होगा:

1. डेस्क्टॉप के लिए DYMO Connect सॉफ्टवेयर डाउनलोड और इंस्टॉल करना।
2. पावर कनेक्ट करें।
3. लेबल रोल लोड करें।
4. प्रिंटर को अपने कम्प्यूटर से कनेक्ट करें।

## चरण 1. सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करना

सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन पूर्ण न हो जाए तब तक प्रिंटर को अपने कम्प्यूटर से कनेक्ट न करें।

प्रिंटर को आपके कम्प्यूटर से कनेक्ट करने से पहले डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया हुआ होना चाहिए। LAN कनेक्शनों के लिए, सॉफ्टवेयर उस हर कम्प्यूटर पर इंस्टॉल किया हुआ होना चाहिए, जो नेटवर्क के माध्यम से LabelWriter प्रिंटर पर प्रिंट करेगा।

- Support.dymo.com से डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect सॉफ्टवेयर का नवीनतम संस्करण डाउनलोड और इंस्टॉल करें।

## चरण 2. पावर कनेक्ट करना

अलग-अलग LabelWriter प्रिंटर मॉडलों की पावर संबंधी आवश्यकताएं अलग-अलग हो सकती हैं।

सुनिश्चित करें कि आप वही पावर एडाप्टर उपयोग करें जो आपके लेबल प्रिंटर के साथ आया था। विवरण के लिए पृष्ठ 20 पर **तकनीकी विनिर्देश** देखें।




### पावर कनेक्ट करने के लिए

1. पावर कॉर्ड को पावर एडाप्टर में लगाएं और पावर एडाप्टर को प्रिंटर के पीछे वाले हिस्से में मौजूद पावर कनेक्टर में लगाएं।
2. पावर कॉर्ड का दूसरा सिरा पावर आउटलेट में लगाएं।
3. पावर ऑन करने के लिए प्रिंटर के सामने वाले हिस्से में मौजूद को दबाएं।




## चरण 3. लेबल लोड करना

LabelWriter 550 प्रिंटर सीरीज़ केवल असली DYMO LW लेबलों के साथ काम करेगी। नकली DYMO लेबलों की प्रिंटर द्वारा पहचान नहीं हो पाएगी।

प्रत्येक लेबल रोल एक काली प्लास्टिक की थैली में आता है। सुनिश्चित करें कि जब लेबलों का उपयोग न किया जा रहा हो, तब वह इस थैली में रखे जाएं।

**महत्वपूर्ण!**

प्रिंटिंग के दौरान लेबल सही तरह से फीड हों इसके लिए स्पूल पर और प्रिंटर के अंदर लेबलों को लोड करते समय निम्नलिखित पर ध्यान दें:

- सुनिश्चित करें कि पावर ऑन है।
- लेबल स्पूल गाइड लेबल रोल के पास सपाट लगाया होना चाहिए, उनमें कोई खाली स्थान नहीं होना चाहिए।
- लेबलों को लेबल का बाँया किनारा लेबल निकास स्लॉट के बाँये किनारे पर लगाया हुआ रख कर लोड किया जाना चाहिए।

## लेबल रोल लोड करने के लिए

1 प्रिंटर के भीतर से लेबल स्पूल निकाल लें और स्पूल गाइड को धुरी से अलग कर लें।

2 स्पूल की धुरी (**A**) को अपने बाँये हाथ में पकड़ें और लेबल रोल को धुरी पर रखें ताकि लेबल नीचे से फीड हों और लेबल का बाँया किनारा स्पूल के किनारे के पास कस कर लगा हुआ हो।

3 स्पूल गाइड (**B**) को स्पूल से दाँयी ओर सरकाएं और लेबल रोल के किनारे के पास कस कर दबाएं, रोल और स्पूल के बीच **कोई खाली जगह न छोड़ें**।




प्रिंटिंग के दौरान लेबल सही तरह से फीड हो यह सुनिश्चित करने के लिएष लेबल रोल लेबल स्पूल के दोनों तरफ चुस्त फिट होना चाहिए, और बीच में कोई खाली जगह नहीं होनी चाहिए।

4 लेबल स्पूल को प्रिट् के बेस में स्लॉट (**C**)में डालें, जिससे लेबल रोल के **नीचे** से बाहर आ रहे हों।




5 लेबल की बाँयी धार को लेबल एग्ज़िट स्लॉट (**D**) की बाँयी धार से संरेखित करें और लेबल को स्लॉट में डालें।

6 लेबल को सही स्थिति में आगे बढ़ाने के लिए फॉर्म फीड बटन दबाएं।

अगर रोल पर मौजूद पहला लेबल पूरा लेबल न हो, तो लेबल फॉरवर्ड फीड बटन को दाब कर आंशिक लेबल को निकाल दें।




लेबल चाहे जितना भी चौड़ा हो, लेबल सही तरह से फीड हों इसके लिए लेबल की बाँई धार लेबल एग्ज़िट स्लॉट की बाँयी धार से संरेखित होनी चाहिए।

7 लेबल गाइड (**E**) को तब तक बाँये सरकाएं जब तक कि गाइड लेबल की दाँयी धार से संरेखित न हो।

सुनिश्चित कीजिए कि लेबल गाइड लेबल को संकुचित न कर दे।

8 ऊपरी कवर को ध्यान पूर्वक नीचे रखें।

## चरण 4. प्रिंटर को आपके कम्प्यूटर से कनेक्ट करना

तीनों प्रिंटर मॉडल प्रदान USB केबल द्वारा आपके कम्प्यूटर से कनेक्ट कर सकते हैं। LabelWriter 550 Turbo और LabelWriter 5XL को एक इथरनेट केबल का उपयोग कर के किसी लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) से भी कनेक्ट किया जा सकता है।

### प्रिंटर को सीधे आपके कम्प्यूटर से कनेक्ट करना

आप एक USB केबल का उपयोग कर के प्रिंटर को सीधे अपने कम्प्यूटर से कनेक्ट कर सकते हैं। केवल पार्ट नंबर 1997364 वाले DYMO USB केबल का उपयोग करें, जो आपके पास न हो तो कस्टमर सपोर्ट से उपलब्ध है।

**सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन पूर्ण न हो जाए तब तक प्रिंटर को अपने कम्प्यूटर से कनेक्ट न करें।**

#### प्रिंटर को सीधे आपके कम्प्यूटर से कनेक्ट करने के लिए




1. सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन पूरा होने पर, प्रिंटर को अपने कम्प्यूटर से कनेक्ट करें।
   a. USB केबल को प्रिंटर के पीछे वाले हिस्से में स्थित USB पोर्ट में डालें।
   b. केबल का दूसरा सिरा अपने कम्प्यूटर पर उपलब्ध USB पोर्ट में डालें।
2. ज़रूरत हो तो, पावर शुरू करने के लिए दबाएं।
   प्रिंटर के सामने वाले हिस्से में स्थित USB स्थिति लाइट ऑन होगी।
3. डेस्क्टॉप के लिए DYMO Connect सॉफ्टवेयर शुरू करें।

**macOS:** यदि इंस्टॉलेशन पूरा हो तब प्रिंटर प्रिंटर सूची में न हो, तो उसे जोड़ने के तरीके के लिए macOS निर्देश देखें।

### प्रिंटर को लोकल एरिया नेटवर्क में कनेक्ट करना

LabelWriter 550 Turbo और 5XL मॉडलों को एक LAN केबल (शामिल नहीं) से किसी लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़ा जा सकता है। नेटवर्क के द्वारा प्रिंट करने वाले सभी कम्प्यूटरों पर डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया हुआ होना चाहिए।

#### वायर वाले LAN का उपयोग करते हुए कनेक्ट करने के लिए




1. LAN केबल को प्रिंटर के पीछे वाले हिस्से में स्थित LAN पोर्ट में डालें।
2. केबल का दूसरा सिरा अपने कम्प्यूटर पर उपलब्ध LAN पोर्ट में डालें।
3. ज़रूरत हो तो, पावर शुरू करने के लिए दबाएं।
   प्रिंटर के सामने वाले हिस्से में स्थित LAN स्थिति लाइट ऑन होगी।
4. नेटवर्क पर इस प्रिंटर पर लेबल प्रिंट करने वाले हों उन सभी कम्प्यूटरों पर डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect डाउनलोड और इंस्टॉल करें।
5. डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect में **फाइल** मेन्यू से **नेटवर्क प्रिंटर जोड़ें** चुनें और प्रिंटर को जोड़ने के लिए निर्देशों का अनुसरण करें।

यदि प्रिंटर आपके कम्प्यूटर से USB और LAN पोर्ट से कनेक्ट किया हुआ है, तो प्रिंटर डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect में दो बार दिखाई देगा: एक बार LAN आइकन के साथ और एक बार USB आइकन के साथ।

## स्टेटिक आईपी पता सेट करना

डिफॉल्ट रूप में प्रिंटर को स्वयं ही परिवर्तनशील IP पता आवंटित होगा।

### स्टेटिक IP पता आवंटित करने के लिए

1. प्रिंटर को USB से कनेक्ट करें।
2. डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect में इस प्रिंटर के लिए **प्रिंटर की स्थिति** पेज खोलें।
3. **नेटवर्क कन्फ़िगर करें** चुनें।
4. **IP प्रकार** को **स्टेटिक** पर सेट करें और आवश्यक फील्ड्स भरें।

# आपके प्रिंटर की देखभाल करना

LabelWriter प्रिंटर को आपको लंबी समस्या मुक्त सर्विस प्रदान करने के लिए बनाया गया है, जिस दौरान रखरखाव की बहुत कम ज़रूरत हो। आप अपने LabelWriter प्रिंटर से श्रेष्ठ संभव निष्पादन पाएंगे, अगर आप उन निर्देशों का पालन करें जो पृष्ठ 9 पर **शुरुआत करना** पर मौजूद हैं, और साथ ही इस विभाग में वर्णित सफाई की प्रक्रिया का भी उपयोग करें।

अपने LabelWriter प्रिंटर को सही काम करते हुए रखने के लिए, आपको समय-समय पर इसकी सफाई करनी चाहिए। कभी-कभार प्रिंटर के बाहरी हिस्से को झाड़ देने से बाहर से कचरा प्रिंटर के भीतर नहीं जाएगा। तथापि, समयांतर पर कुछ मूलभूत आंतरिक रखरखाव करना, जैसे कि लेबल पाथ को एक LabelWriter क्लीनिंग कार्ड (www.dymo.com से उपलब्ध) से साफ करना अच्छा रहेगा।

आप अपने LabelWriter प्रिंटर को आसानी से इन चीज़ों का उपयोग करते हुए साफ कर सकते हैं:

- रोआँ मुक्त कपड़ा।
- जलमिश्रित डिशवॉशिंग डिटर्जेन्ट या जलमिश्रित ग्लास क्लीनर।
  यदि आप ग्लास क्लीनर का उपयोग करें तो सुनिश्चित कर लें, कि उसमें अमोनिया न हो।
- छोटा, नरम ब्रश, जैसे टूथ ब्रश या बच्चे का रंग लगाने का ब्रश।
- प्रिंट हेड को साफ करने के लिए LabelWriter क्लीनिंग कार्ड।
  क्लीनिंग कार्ड खरीदने के लिए यहाँ जाएं www.dymo.com).

### आपके प्रिंटर और लेबल रोल कम्पार्टमेंट के बाहरी हिस्से को साफ करने के लिए

1. लेबल रोल हटा दें।
2. पावर बंद कर दें और पावर कॉर्ड निकाल दें।
3. प्रिंटर के बाहरी हिस्से को साफ करने के लिए रोआँ मुक्त कपड़े का उपयोग करें।
4. ऊपर उल्लिखित सफाई के सल्यूशनों में से एक का उपयोग कर के गंदगी और दाग हटा दें।
5. ऊपरी कवर उठाएं।
6. कागज़ की रज और प्रिंटर के भीतर के किसी भी छुट-पुट कण को निकालने के लिए छोटे नरम ब्रश या रुई के फाहे का उपयोग करें।
7. पावर कॉर्ड फिर से लगा दें और प्रिंटर चला दें।
8. अगर आपके पास LabelWriter क्लीनिंग कार्ड हो, तो क्लीनिंग कार्ड के पैकेज पर छपे निर्देशों का पालन करें। अगर आपके पास क्लीनिंग कार्ड न हों, तो DYMO कस्टमर सपोर्ट से यहाँ संपर्क करें www.dymo.com)।
9. लेबलों का रोल फिर से डालें और ऊपरी कवर को ध्यान से बंद कर दें।

## सुरक्षा संबंधी एहतियात

नीचे सूचीबद्ध सभी एहतियात के कदमों को पढ़ें और समझें। उत्पाद पर चिह्नित सभी चेतावनियों और निर्देशों का अनुसरण करें।

**सामान्य**

- प्लास्टिक की थैलियों का सही निपटान करें और उन्हें शिशुओं और बच्चों से दूर रखें।
- कृपया प्रोडक्ट को एक समतल, स्थिर सतह पर रखें।
- प्रोडक्ट को हमेशा इस उपयोगकर्ता गाइड में निर्दिष्ट किए अनुसार करें।
- अगर प्रोडक्ट का उपयोग करते समय कोई असामान्य गंध, गर्मी, धुँआ, रंग बिगड़ना, आकार बिगड़ना या किसी असामान्य चीज़ के होने का पता चले तो तुरंत पावर कॉर्ड तुरंत निकाल दें।
- प्रोडक्ट को डिसअसेम्बल न करें। प्रोडक्ट के निरीक्षण, अनुकूलन और मरम्मत के लिए DYMO कस्टमर सपोर्ट का संपर्क करें।
- प्रोडक्ट को गिराएं, मारें या अन्यथा गलत तरीके से उसका उपयोग न करें।
- किसी भी द्रव को प्रोडक्ट के संपर्क में न आने दें।
- प्रोडक्ट की सफाई करने से पहले पावर बंद करना और पावर कॉर्ड को इलेक्ट्रिकल आउटलेट से निकाल लेना याद रखें। ऐसा करने में विफल होने से बिजली का झटका लग सकता है या आग लग सकती है।
- प्रोडक्ट में कोई बाहरी वस्तु न डालें।
- प्रोडक्ट की सफाई के लिए पेंट थिनर, बेन्ज़ीन, अल्कोहॉल या अन्य ऑर्गेनिक सॉलवेन्ट का उपयोग न करें। ऐसा करने से सतह के फिनिश को नुकसान पहुँच सकता है। प्रोडक्ट को साफ करने के लिए एक नरम, सूखे कपड़े का उपयोग करें।

**पावर**

- केवल प्रोडक्ट के साथ आए हुए पावर कॉर्ड और एडाप्टर का ही उपयोग करें।
- अगर आपके हाथ गीले हों, तो पावर कॉर्ड या एडाप्टर को छुएं नहीं।
- पावर कॉर्ड को काटे नहीं या नुकसान न पहुँचाएं, उसमें परिवर्तन न करें या उस पर भारी चीज़ें न रखें।
- अगर वह क्षतिग्रस्त हों, तो पावर कॉर्ड या एडाप्टर का उपयोग न करें।
- प्लग को इलेक्ट्रिकल आउटलेट से निकालते समय पावर कॉर्ड को खींचें नहीं। ऐसा करने से बिजली का झटका लग सकता है या आग लग सकती है।
- पावर एडाप्टर का किसी बंद जगह में उपयोग न करें या उसे किसी कपड़े से ढँके नहीं। सुनिश्चित करें कि पावर एडाप्टर अत्यधिक गरम न हो जाए इसके लिए हवा की पर्याप्त आवाजाही है।
- यदि प्रोडक्ट का लंबी अवधि तक उपयोग न किया जाना हो, तो पावर कॉर्ड को इलेक्ट्रिकल आउटलेट से निकाल दें।

### प्रिंटर

- प्रोडक्ट के गतिशील हिस्सों या छिद्रों में उंगलियाँ न डालें।
- लेबल एग्ज़िट स्लॉट को अवरुद्ध न करें या उसमें चीज़ें न डालें।
- टेयर बार को छुएं नहीं। इसके परिणाम स्वरूप आपको चोट हो सकती है।
- प्रोडक्ट को ऐसे स्थान पर न रखें जहाँ बहुत धूप आती हो या उसे हीटर या अन्य गरम उपकरणों के पास न रखें, या फिर जहाँ अत्यधिक ऊँचे या कम तापमान हों, उच्च नमी हो या अत्यधिक धूल आती हो ऐसे स्थानों पर न रखें। dust.
- प्रोडक्ट को कवर से पकड़ें या उठाएं नहीं।

### लेबल

- केवल असली DYMO लेबलों का उपयोग करें। प्रोडक्ट की वारंटी में तृतीय पक्ष के लेबलों के उपयोग से होने वाली किसी खराबी या क्षति को कवर नहीं किया जाता है।
- लेबलों को केवल एक साफ, सूखी सतरह पर कमरे के तापमान पर लगाएं।
- लेबल रोल को सीधी धूप, उच्च तापमानों, उच्च नमी या धूल के संपर्क में न आने दें। किसी ठंडी, अंधेरी जगह में भंडारित करें।

# मदद पाना

आपके LabelWriter प्रिंटर से कई वर्षों तक बहुत कम रखरखाव के साथ बिना समस्या के प्रिंटिंग की प्राप्ति होनी चाहिए। तथापि, अगर आपका किसी समस्या से सामना हो, तो यह प्रकरण प्रिंटर का उपयोग करने के समय सामने आ सकती हैं उन समस्याओं के लिए सुझाव प्रादन करता है। अगर आप किसी समस्या का समाधान करने में अक्षम हैं, तो यह प्रकरण इस बात का भी वर्णन करता है कि DYMO कस्टमर सपोर्ट से संपर्क कैसे करें।

यह विभाग इस बारे में जानकारी प्रदान करता है कि आप अपने LabelWriter प्रिंटर का उपयोग रकते हुए जिन समस्याओं से सामना हो उनका पता कैसे लगा सकते हैं और उन्हें ठीक कैसे कर सकते हैं।

- **पावर स्थिति लाइट**
- **प्रिंटर संबंधी समस्याएं**
- **कस्टमर सपोर्ट प्राप्त करना**

## पावर स्थिति लाइट

पावर स्थिति लाइट दृश्यमान रूप से प्रिंटर की वर्तमान स्थिति दिखाती है:

| स्थिति लाइट | विवरण |
|---|---|
| **ऑफ** | पावर बंद है। |
| **चमकता हुआ ऑन** | पावर ऑन है और प्रिंटर तैयार है। |
| **धुंधली** | प्रिंटर पावर सेविंग मोड में है। |
| **तेज़ टिमटिमाती हुई** | एक त्रुटि हुई है। यह इसलिए हो सकता है कि लेबल मौजूद नहीं हैं या फिर किसी अन्य त्रुटि की स्थिति के कारण हो सकता है। इस प्रकरण में आगे कुछ संभवित समाधानों को देखें। |

## प्रिंटर संबंधी समस्याएं

लेबल प्रिंटर के साथ काम करते समय आपके सामने जो आ सकती हैं, उनमें से कुछ सामान्य समस्याओं के समाधान निम्नलिखित हैं।

### पावर स्थिति लाइट चमकती हुई

यदि पावर स्थिति लाइट चमक रही है, तो निम्नलिखित में से कोई समस्या हो सकती है:

| समस्या | समाधान |
|---|---|
| लेबल नहीं हैं | लेबल रोल में लेबल खतम हो गए हैं या फिर कोई लेबल रोल डाला हुआ नहीं है। LabelWriter 550 सीरीज़ के प्रिंटर केवल असली DYMO LW लेबलों के साथ काम करते हैं। किन्हीं अन्य लेबलों की पहचान नहीं की जाएगी। |
| अत्यधिक गरम हुआ प्रिंट हेड | प्रिंटर को बंद कर दें और उसे फिर से शुरू करने से पहले 3-5 मिनट रुकें। |
| सिस्टम त्रुटि | प्रिंटर को ऑफ कर दें और फिर से ऑन करें। |

यदि उपरोक्त समस्याओं से समाधान नहीं हुआ और लाइट अब भी चमक रही है, तो कस्टमर सपोर्ट से संपर्क करें। पृष्ठ 19 पर **कस्टमर सपोर्ट प्राप्त करना** देखें।

## प्रिंटर सूची में प्रिंटर दिखाई नहीं दे रहा है

प्रिंटर कनेक्ट करने से **पहले** सुनिश्चित करें कि डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया हुआ है।

LAN कनेक्शनों के लिए, डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect उस हर कम्प्यूटर पर इंस्टॉल किया हुआ होना चाहिए, जो LabelWriter प्रिंटर पर प्रिंट करेगा।

इथरनेट और वायरलेस दोनों तरह के नेटवर्क का उपयोग करने वाले स्थानों के लिए, सुनिश्चित करें कि राउटर वायर्ड और वायरलैस नेटवर्कों के बीच ट्रैफिक फॉरवर्ड करने के लिए सेट किया गया हो।

## प्रिंट की बुरी गुणवत्ता को ठीक करना

प्रिटं की बुरी गुणवत्ता सबसे अधिक बार निम्नलिखित कारणों में से एक से होती है:

- लेबलों का पुराना रोल
- ऐसे लेबल जिनका थर्मल कोटिंग खराब हो गया हो
- गंदा प्रिंट हेड

यदि प्रिंट की गुणवत्ता धुंधली हो जाए, प्रिंट किए वर्णों में सफेद बिंदु दिखाई दें, या प्रिंटिंग के हल्के या गहरे धब्बे दिखाई दें, तो आप शायद एक खराब हुआ लेबल रोल उपयोग कर रहे हैं। किसी नये बॉक्स में से कोई और रोल उपयोग कर के देखें। यदि दूसरा रोल ठीक से प्रिंट हो, तो समस्या लेबलों के पहले रोल में है।

दूसरी संभावना यह है कि LabelWriter प्रिंट हेड को साफ करने की ज़रूरत है। लेबल प्रिंटर को LabelWriter क्लीनिंग कार्ड से साफ करने के बारे में जानकारी के लिए पृष्ठ 13 पर **आपके प्रिंटर की देखभाल करना** देखें।

## लेबल ठीक से फीड नहीं होते हैं

यदि आपके लेबल ठीक से फीड नहीं होते हैं, तो निम्नलिखित को जाँचें, सुनिश्चित करें कि आपके लेबल ठीक से लोड हुए हैं।

- स्पिन्डल गाइड लेबलों की दाँयी धार के पास सख्ती से दबी होनी चाहिए, ताकि वह फिसलें नहीं।
- लेबल रोल को स्पिन्डल पर इस तरह से रखा जाना चाहिए कि लेबल रोल के नीचे से आएं।
- लेबल की बाँयी धार लेबल के एग्ज़िट स्लॉट से संरेखित होनी चाहिए और लेबल गाइड लेबल की दाँयी धार से संरेखित होनी चाहिए।

**चरण 3. लेबल लोड करना** on page 9 देखें।

## लेबल जाम हटाना

आम तौर पर रिवर्स फीड बटन दबाने से लेबल स्लॉट से लेबल ऊलटे बाहर आएंगे। लेकिन अगर लेबल जाम हो जाएं या रोलर से चिपक जाएं, तो इन निर्देशों का पालन करें।

### जो लेबल प्रिंटर में जाम हो गए हैं उन्हें निकालने के लिए

1 प्रिंटर से पहले ही फीड हो चुके हैं उन लेबलों को फाड़ दें।

2 लेबल रिलीज़ लीवर को सामने की ओर दबाएं और जाम हुए लेबल को लेबल एग्ज़िट स्लॉट से धीरे से खींच लें।




## प्रिंटर प्रिंट नहीं करता या प्रिंट करना बंद कर देता है

अगर आपका प्रिंटर उपयोग में हो तब प्रिंट नहीं करता या प्रिंट करना बंद कर देता है, तो समस्या का पता लगाने के लिए निम्नलिखित चरणों का अनुसरण करें।

1 सुनिश्चित करें कि प्रिंटर को अब भी पावर मिल रहा है और पावर केबल को डिसकनेक्ट नहीं कर दिया गया है।

अगर प्रिंटर के सामने वाले हिस्से में पावर स्थिति लाइट ऑन न हो, तो यह जाँच लें कि पावर केबल प्लग में लगा हुआ है। अगर पावर स्ट्रिप का उपयोग कर रहे हों, तो सुनिश्चित करें कि वह काम कर रही है।

समस्या आउटलेट या पावर स्ट्रिप में नहीं है यह सुनिश्चित करने के लिए दीवार के आउटलेट और पावर स्ट्रिप में कुछ और प्लग कर के देखें।

सुनिश्चित करें कि आप वही पावर एडाप्टर और केबल उपयोग कर रहे हैं जो आपके प्रिंटर के साथ आए थे। LabelWriter प्रिंटर के अलग-अलग मॉडलों की पावर संबंधी आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं, इसलिए अन्य मॉडलों के पावर एडाप्टर आपके प्रिंटर से संगत न हों ऐसा हो सकता है।

2 सुनिश्चित कर लें कि प्रिंटर जब ऑन हो तब ठीक से लेबल फीड कर रहा है और इसके लिए जब प्रिंटर ऑन हो तब लेबल फॉरवर्ड फीड बटन दबाएं।
अगर लेबल जाम हो गए हैं, तो पावर स्थिति लाइट टिमटिमाएगी। पृष्ठ 17 पर **प्रिंट की बुरी गुणवत्ता को ठीक करना** देखें।

3 सुनिश्चित करें कि आपके प्रिंटर के पीछे से या आपके कम्प्यूटर से आपका USB केबल अलग नहीं होगया है।

पृष्ठ 11 पर **चरण 4. प्रिंटर को आपके कम्प्यूटर से कनेक्ट करना** में इंस्टॉलेशन निर्देश देखें और सुनिश्चित करें कि केबल ठीक से कनेक्ट किया हुआ हो।

4 (Windows) जाँच लें कि आपके LabelWriter प्रिंटर ड्राइवर सही तरह से इंस्टॉल हुए हैं।

LabelWriter प्रिंटर ड्राइवर आपके सॉफ्टवेयर से प्रिंट डेटा लेता है और उसे LabelWriter प्रिंटर को भेजता है। जब आप डेस्कटॉप के लिए DYMO Connect सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करते हैं तब ड्राइवर अपने आप इंस्टॉल हो जाते हैं। तथापि, ड्राइवर गलती से बदले गए हो सकते हैं या मिटाए गए हो सकते हैं।

### प्रिंटर सेल्फ-टेस्ट करना

यदि आपको टूटे हुए वर्ण या अन्य प्रिंट गुणवत्ता संबंधी समस्याएं हों, तो प्रिंटर सेल्फ-टेस्ट करें। सेल्फ-टेस्ट सत्यापन करता है कि प्रिंट हेड और प्रिंटिंग मैकेनिज़्म के सभी संघटक ठीक से कार्य कर रहे हैं।

**सेल्फ-टेस्ट करने के लिए**

1. प्रिंटर में लेबल रोल हो तब, बटन दबा कर पकड़े रहें और लेबल फॉरवर्ड फीड बटन को कम से कम दस सेकेंड के लिए दबाएं।

   प्रिंटर प्रिंटर की पूरी चौड़ाई में एक टेस्ट पैटर्न प्रिंट करना शुरू करता है।
2. एक बार सेल्फ-टेस्ट शुरू हो तो दोनों बटन छोड़ दें।
3. सेल्फ-टेस्ट बंद करने के लिए पावर बटन को दबा कर छोड़ दें।

अगर उपरोक्त वस्तुओं को जाँचने के बाद भी आपको समस्या हो रही है, तो कृपया कस्टमर सपोर्ट से संपर्क करें। पृष्ठ 19 पर **कस्टमर सपोर्ट प्राप्त करना** देखें।

## कस्टमर सपोर्ट प्राप्त करना

यदि आपको अपने प्रिंटर को सेटअप या उपयोग करने में समस्या हो, तो कृपया इस उपयोगकर्ता गाइड को ध्यान से पढ़ कर सुनिश्चित करें कि आप दस्तावेजीकरण में शामिल किसी चीज़ को चूक तो नहीं गए हैं।

अगर आप अपनी समस्या का दस्तावेजीकरण को देख कर समाधान नहीं कर सकते हैं, तो आप DYMO से अतिरिक्त जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

DYMO की वेबसाइट www.dymo.com पर है जिसमें आपके LabelWriter प्रिंटर के बारे में नवीनतम सपोर्ट जानकारी शामिल है।

हम से संपर्क करने के लिए हमारी वेबसाइट के सपोर्ट विभाग में जाएं: support.dymo.com

# तकनीकी और पर्यावरण संबंधी जानकारी

इस प्रकरण में LabelWriter प्रिंटरों के लिए तकनीकी और प्रमाणन संबंधी जानकारी है।

## तकनीकी विनिर्देश

| | LabelWriter 550 | LabelWriter 550 Turbo | LabelWriter 5XL |
|---|---|---|---|
| **प्रिंट करने का तरीका** | डायरेक्ट थर्मल | | |
| **प्रिंट रेज़ल्यूशन** | 300 dpi | | |
| **अधिकतम प्रिंट चौड़ाई** | 2.25 इंच (56 mm) | | 4.16 इंच (105.73 mm) |
| **अधिकतम मीडिया चौड़ाई** | 2.44 इंच (62 mm) | | 4.53 इंच (115 mm) |
| **USB इंटरफेस** | USB 2.0 फुल स्पीड प्रिंटर क्लास डिवाइस | | |
| **USB कनेक्टर प्रकार** | USB 2.0 – प्रकार B | | |
| **LAN कनेक्टर प्रकार** | लागू नहीं होता | RJ45; 10/100 एथरनेट MAC, IPv4 | |
| **आयाम (WHD)** | 5 इंच (127 mm) x 5.35 इंच (136 mm) x 7.36 इंच (187 mm) | | 7.09 इंच (180 mm) x<br>5.35 इंच (136 mm) x<br>7.36 इंच (187 mm) |
| **भार**<br>(केवल प्रिंटर और स्पूल) | 1.41 पौंड (640 ग्राम) | 1.42 पौंड (645 ग्राम) | 1.95 पौंड (885 ग्राम) |
| **प्रिंटर पावर आवश्यकताएं** | 24.0V ⎓ 1.75A | 24.0V ⎓ 2.5A | 24.0V ⎓ 3.75A |
| **पावर एडाप्टर मॉडल** | DSA-42PFC-24 2 240175<br>Dee Van Enterprise Co., Ltd. से | DYS865-240250W Dongguan<br>Dongsong Electronic Co., Ltd. से | DSA-96PFB-24 2 240375<br>Dee Van Enterprise Co., Ltd. से |
| **एडाप्टर पावर रेटिंग** | 100-240VAC 50/60Hz 1.2A<br>24.0V ⎓ 1.75A ◇-C-◈, 42.0W | 100-240VAC 50/60Hz 1.5A अधिकतम<br>24.0V ⎓ 2.5A ◇-C-◈, 60.0W | 100-240VAC 50/60Hz 1.5A<br>24.0V ⎓ 3.75A ◇-C-◈, 90.0W |
| **ऑपरेटिंग रेंज** | 20°C से 25°C, 50% से 70% सापेक्ष नमी (ऑफिस परिवेश में इष्टतम प्रिंट गुणवत्ता)<br>4°C से 40°C, 20% से 95% सापेक्ष नमी (अधिकतम प्रचालन रेंज) | | |
| **प्रचालन फ्रीकवेन्सी** | 13.56MHz | | |
| **RF आउटपुट पावर** | <42dBµA/m 10m पर | | |
| **भंडारण रेंज** | -18° से 60°C के बीच और एक बार कक्षीय तापमान पर वापस आ जाए (4 घंटे बाद), तो सामान्य तरीके से प्रचालित करें | | |
| **विनियामक स्वीकृतियाँ** | CE/GS/RoHS/REACH/FCC ID/IC/RCM, आदि। खास देशों के लिए विनियामक स्वीकृतियों के लिए, विवरण के लिए स्थानीय टीम से संपर्क करें। | | |
| **वारंटी** | दो वर्ष सीमित | | |

## पर्यावरण संबंधी जानकारी

आप जो उपकरण लाए हैं उसके उत्पादन के लिए प्राकृतिक संसाधनों के निष्कर्षण की आवश्यकता होती है। इसमें ऐसे पदार्थ हो सकते हैं जो स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए जोखिमकारी हों।

उन पदार्थों के हमारे पर्यावरण में फैलने से बचने के लिए. और प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव को कम करने के लिए, हम आपको सही वापस लेने की प्रणालियों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह प्रणालियाँ आपके जीवन-के-अंत पर आ गए उपकरण की अधिकतर सामग्री का पर्यावरण की दृष्टि से अच्छी तरह से पुनर्उपयोग करेंगे या फिर उन्हें साइकल करेंगे।

आपके डिवाइस पर अंकित रेखांकित कचरे के डब्बे का चिह्न यह निर्दिष्ट करता है कि आपको इन प्रणालियों का उपयोग करना चाहिए।

अगर आपको इस प्रोडक्ट के एकत्रीकरण, पुनर्उपयोग और रिसाइकलिंग के बारे में अधिक जानकारी की ज़रूरत हो, तो कृपया अपने स्थानीय या प्रादेशिक अपशिष्ट प्रशासन से संपर्क करें।

आप हमारे उत्पादों के पर्यावरण संबंधी निष्पादन के बार में अधिक जानकारी के लिए DYMO से भी संपर्क कर सकते हैं।

## डिवाइस प्रमाणन

इस डिवाइस का परीक्षण किया गया है और यह इसकी आवश्यकताओं के अनुपालन में है:

CB प्रमाणपत्र

GS प्रमाणपत्र

CE मार्क

FCC भाग 15

ICES-003, RSS-210 और RSS-Gen

RCM

RoHS निर्देश 2011/65/EU (RoHS2) और Annex II (EU) 2015/863

यह डिवाइस दृश्यमान डिस्प्ले कार्य स्थलों पर सीधे दृष्टिक्षेत्र में उपयोग के लिए अभीष्ट नहीं है। दृश्यमान डिस्प्ले कार्यस्थलों पर प्रतिबिंबो का अनुकूलन साधने के लिए, इस डिवाइस को सीधे दृष्टि क्षेत्र में नहीं रखा जाना चाहिए।